

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस
PATWAR
HIGH COURT
रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF
BANK
SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक
I[st] ग्रेड
REET
I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 10 October 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 10 अक्टूबर का इतिहास

- **1756 :** ब्रिटिश गवर्नर जनरल रॉबर्ट क्लाइव ने कलकता पर पुनः कब्जे के लिए मद्रास से कूच किया।
- **1868 :** क्यूबा ने स्पसे से स्वतंत्रता पाने के लिए विद्रोह किया।
- **1970 :** फिजी ने स्वतंत्रता हासिल की।
- **2003 :** भारत ने इजरायल रूस के साथ एवाक्स निर्माण के लिए समझौता किया।
- **2014 :** भारत के कैलाश सत्यार्थी को नोबेल पुरस्कार की घोषणा की गई।

## 10 अक्टूबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने उन्नत पर्यवेक्षणीय निगरानी प्रणाली दक्ष की शुरूआत की। इससे केंद्रीय बैंक की निगरानी संबंधी प्रक्रिया के अधिक सशक्त होने की उम्मीद है। आरबीआई ने कहा कि वह निगरानी गतिविधियों में मजबूती लाने के लिए कई कदम उठाता रहा है और दक्ष इसमें एक नई कड़ी है।
- भारत की आर्थिक वृद्धि दर इस साल घटकर 5.7 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। जबकि 2021 में यह 8.2 प्रतिशत रही थी। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी अंकटाड ने आर्थिक वृद्धि दर में कमी के लिये कर्ज की ऊंची लागत और कमजोर सार्वजनिक व्यय का हवाला दिया। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन की इस साल की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2023 में और घटकर 4.7 प्रतिशत पर आ जाएगी।
- विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप अंतिम पंघाल ने राष्ट्रीय खेलों की महिला 53 किग्रा कुश्ती स्पर्धा का गोल्ड मेडल जीत लिया। हिसार की अंतिम ने राष्ट्रीय खेलों में पदार्पण में मध्य प्रदेश की प्रियांशी प्रजापति पर विक्ट्री बॉय फॉल से खिताब जीता। गुजरात की खलीफा हीना ओर महाराष्ट्र की स्वाति संजय ने कांस्य पदक जीते।
- यूनेस्को ने देश के 50 विशिष्ट और अनुप्रतीकात्मक विरासत वस्त्र शिल्पों की सूची जारी की है। इस सूची में तमिलनाडु से टोडा कढ़ाई और सुंगड़ी, हैदराबाद से हिमरू बुनाई और ओडिशा के संबलपुर की बंधन ओर रंजन शैली से निर्मित वस्त्र आदि शामिल किए गए हैं।
- पूर्व जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल को नानसेन रिफ्यूजी अवार्ड मिला है। शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त ने पूर्व जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल को सीरिया में शरणार्थी संकट के दौरान उनके नैतिक और राजनीतिक साहस के लिए वर्ष के लिए वर्ष 2022 के यूएनएचसीआर नानसेन शरणार्थी पुरस्कार से सम्मानित किया।
- पुणे स्थित भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिक रॉक्सी मैथ्यू कोल ने अमेरिकी भूभौतिकीय संघ 2022 देवेंद्र लाल मेमोरियल मेडल प्राप्त किया। कोल को पृथ्वी और अंतरिक्ष विज्ञान में उनके उत्कृष्ट शोध के लिए चुना गया था। उन्हें एजीयू के फेलो के रूप में भी सम्मानित किया जाएगा।
- नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने RuPay क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल पर लगने वाले शुल्क के बारे में महत्वपूर्ण घोषणा की। नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने कहा है कि अब यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस पर RuPay क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल पर 2,000 रूपये तक के लेन-देन पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन के मद्देनजर ऐप के जरिये मौजूदा प्रक्रिया क्रेडिट कार्ड पर भी लागू होगी। इस श्रेणी के लिए 2,000 रूपये से कम और उसके बराबर की लेन-देन राशि तक शून्य मर्चेंट डिस्काउंट रेट लागू होगा।
- नेशनल पेमेंट्स कारपोरेशन ऑफ इंडिया और सेंट्रल बैंक ऑफ ओमान ने ओमान में रूपे डेबिट कार्ड को लॉन्च करने के लिए एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों के बीच हुए इस समझौते के कारण वित्तीय कनेक्टिविटी के एक नए युग का रास्ता खुला है। विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन की मौजूदगी में इस समझाता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए।
- संदीप कुमार गुप्ता ने देश की सबसे बड़ी गैस कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर का पदभार संभाल लिया है। गुप्ता पहले इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन में वित्त निदेशक थे।
- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने गुजरात में एक राष्ट्रीय एससी-एसटी हब कॉन्क्लेव का आयोजन किया। कॉन्क्लेव में भारतीय स्टेट बैंक और यस बैंक जैसे कई वित्तीय संस्थानों ने भाग लिया है। राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड, भारतीय खाद्य निगम, तेल और प्राकृतिक गैस निगम और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड जैसे सीपीएसई ने भी कॉन्क्लेव में भाग लिया। कॉन्क्लेव के दौरान एमएसएमई क्षेत्र के लिए विभिन्न उधार योजनाओं के बारे में विवरण प्रदान किया गया है।
- भारत विश्व में चीनी का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है। चीनी सीजन 2021-22 में भारत में 5 हजार लाख मीट्रिक टन से अधिक गन्ने का उत्पादन हुआ। इस सीजन में 109 लाख मीट्रिक टन से अधिक का रिकॉर्ड उच्चतम चीनी निर्यात दर्ज किया गया है। इन निर्यातों ने लगभग 40 हजार करोड़ रूपये की विदेशी मुद्रा अर्जित की।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित
काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस (World Mental Health Day) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 10 अक्टूबर (B) 11 अक्टूबर
(C) 12 अक्टूबर (D) 13 अक्टूबर

**(A)** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर साल 10 अक्टूबर को वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक कलंक के खिलाफ वकालत के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। यह पहली बार 1992 में वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ की पहल पर मनाया गया था, जो एक वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य संगठन है जिसके सदस्य और संपर्क 150 से अधिक देशों में है।




**2. केवीआईसी ने दिल्ली हाट में स्फूर्ति मेले का आयोजन कब से कब तक किया ?**

(A) 30 सितंबर से 10 अक्टूबर तक
(B) 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक
(C) 2 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक
(D) 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक


**(B)** केवीआईसी ने दिल्ली हाट में स्फूर्ति मेले का आयोजन 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक नई दिल्ली में आईएनए के दिल्ली हाट में आयोजन कर रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में स्फूर्ति समूह के पारंपरिक उत्पादों की पहली बार राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। इस स्फूर्ति मेले का उद्देश्य त्यौहारों के मौजूदा समय में नागरिकों के बीच देश भर के पारंपरिक उत्पादों को बढ़ावा देना है।



**3. भौतिक विज्ञान में नोबल पुरस्कार 2022 से किसे सम्मानित किया गया है ?**

(A) एलेन एस्पेक्ट (B) जॉन एफ क्लॉजर
(C) एंटोन जिलिंगर (D) उपरोक्त सभी

**(D)** भौतिक विज्ञान में नोबल पुरस्कार 2022 से एलेन एस्पेक्ट, जॉन एफ क्लॉजर और एंटोन जिलिंगर को सम्मानित किया गया है। इन तीनों वैज्ञानिक को क्वांटम मैकेनिक्स के क्षेत्र में काम करने के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। इन तीनों विज्ञानिकों को उलझे हुए फोटोनों के साथ प्रयोग के लिए बेल असमानताओ के उल्लंघन को स्थापित करने और क्वांटम सूचना विज्ञान में अग्रणी के लिए यह पुरस्कार दिया गया है।




**4. हाल ही में वर्ल्ड कप के लिए अंपाइरिंग पैनल में शामिल होने वाले इकलौते भारतीय कौन बने हैं ?**

(A) दीक्षित जोशी (B) प्रवीण छाबड़ा
(C) नितिन मेनन (D) रिचर्ड केटलबोरो

**(C)** हाल ही में वर्ल्ड कप के लिए अंपाइरिंग पैनल में शामिल होने वाले इकलौते भारतीय नितिन मेनन बने है। वर्ल्ड कप के लिए कुल 16 अंपायरिंग नामों की घोषणा कर दी है। आगामी आईसीसी इवेंट 16 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया में खेला जाएगा। मेनन ने पिछले कुछ समय में अपनी अंपायरिंग से काफी प्रभावित किया है। उन्होंने पिछले संस्करण में भी अंपायरिंग की थी।



**5. हाल ही में फैजाबाद कैंट का नाम बदलकर क्या किया गया ?**

(A) अयोध्या कैंट (B) अटल कैंट
(C) भगत सिंह कैंट (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फैजाबाद कैंट का नाम बदलकर अयोध्या कैंट करने की मंजूरी दी है। इससे पहले पिछले साल नवंबर में उत्तर रेलवे ने फैजाबाद जंक्शन रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर अयोध्या कैंट कर दिया था। फैजाबाद कैंट को अब अयोध्या कैंट के नाम से जाना जाएगा।



**6. हाल ही में रेड़ियो श्रृंखला मतदाता जंक्शन का शुभारंभ किया ?**

(A) विजय शर्मा (B) सुनील कुमार

(C) राजीव कुमार (D) गगन नारंग

**(C)** मतदाता जंक्शन भारत के चुनाव आयोग और ऑल इंडिया रेडियो द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किया गया एक साल का मतदाता जागरूकता कार्यक्रम है। इस रेडियो सीरीज में कुल 52 एपिसोड है। इसका निर्माण ECI ने आकाशवाणी के सहयोग से किया है। इसका उद्देश्य मतदान के प्रति शहरी आबादी की उदासीनता को दूर करना और लोकतंत्र की सुरक्षा में चुनावों के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना है।




**7. हाल ही में ऋतिका श्रीराम ने गोताखोरी (डाइविंग) में कौनसा पदक जीता ?**

(A) स्वर्ण पदक (B) रजत पदक

(C) कांस्य पदक (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में ऋतिका श्रीराम ने गोताखोरी में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर प्लेटफॉर्म स्पर्धा जीतकर राष्ट्रीय खेल डाइविंग प्रतियोगिता में यह स्वर्ण जीता। इस स्पर्धा का आयोजन राजकोट के सरदार पटेल इक्वेटिक्स कॉम्प्लेक्स में किया गया। यह उनका दूसरा स्वर्ण पदक है, जबकि राष्ट्रीय खेलों के चार संस्करणों में 10वां खिताब है।





**8. हाल ही में नाबार्ड ने किस राज्य के ग्रामीण स्कूलों में बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए 222 करोड़ रूपये की मंजूरी दी है ?**

(A) पंजाब (B) गुजरात

(C) मध्यप्रदेश (D) कर्नाटक

**(A)** हाल ही में नाबार्ड ने पंजाब राज्य के ग्रामीण स्कूलों में बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए 222 करोड़ रूपये की मंजूरी दी है। पंजाब में एक विधायक एक पेंशन स्कीम लागू की गई है। इसके अलावा 404 एकीकृत विज्ञान प्रयोगशालाओं, 62 भौतिकी प्रयोगशालाओं, 44 रसायन विज्ञान प्रयोगशालाओं, 54 जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं, 103 कंप्यूटर प्रयोगशालाओं और 55 राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क प्रयोगशालाओं को भी मंजूरी दी गई है।

NABARD

**9. हाल ही में विश्व हॉकी की वार्षिक स्टार खिलाड़ी कौन बनी हैं ?**

(A) गुरजीत सिंह (B) मनप्रीत कौर

(C) मुमताज खान (D) अवनी लेखरा

**(C)** भारत की फॉरवर्ड हॉकी खिलाड़ी मुमताज खान अंतर्राष्ट्रीय हॉकी संघ की उभरती महिला वार्षिक स्टार खिलाड़ी बनी हैं। लखनऊ की रहने वाली 19 वर्षीय मुमताज ने इस वर्ष दक्षिण अफ्रीका में हुए विश्वकप के दौरान शानदान प्रदर्शन किया था।



**10. हाल ही में फ्राइडेज फॉर फ्यूचर कार्यकर्ताओं ने किस देश में जलवायु परिवर्तन का विरोध शुरू किया ?**

(A) चीन (B) जापान

(C) जर्मनी (D) रूस

**(C)** फ्राइडेज फॉर फ्यूचर मूवमेंट के हिस्से के रूप में जर्मनी भर के 270 से अधिक शहरों और कस्बों में लगभग 2,80,000 लोग प्रदर्शनी में हिस्सा ले रहे है। सबसे बड़ी रैलियों में से एक बर्लिन में हुई, जहां 36000 से अधिक लोग एकत्रित हुए। ये प्रदर्शनकारी ग्लोबल वार्मिंग को रोकने का आहवान कर रहे हैं और जर्मन सरकार से अक्षय ऊर्जा के उपयोग का विस्तार करने के लिए 100 बिलियन यूरो का फंड स्थापित करने की मांग कर रहे है।

